grey matter pr

PRESS CLIP

Publication:- Samagya

Date: - 6th May, 2018

Page No:- 05

बीसीसीआई ने की शैक्षणिक रणनीति पर चर्चा

कोलकाता, समाज्ञा

बंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री(बीसीसीआइ) के शिक्षा समिति ने शनिवार को वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया था। 'मिलेनियल लर्निंग एजुकेशन स्ट्रेटजिज फॉर द नेक्सट जेनरेशन' नामक यह कार्यक्रम सिस्टर निवेदिता युनिवर्सिटी की प्रस्तुति एवं इंटरनेश्नल इंस्टीट्युट ऑफ होटल मैनेजमेंट(आइआइएचएम) के साथ मिलकर आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में बेहतर शिक्षा के लिए बनाई गई योजनाओं पर चर्चा की गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन(एआइसीटीइ) के चेयरमेन डॉ अनिल सहस्त्रबुद्धे उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इस

दौर में तकनीकी शिक्षा भी जरूरी है, इसलिए नियमित रूप से टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम्म, इंग्लिश लर्निंग ट्रेनिंग जैसे कार्यों को बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में काफी संख्या में इंटर्नशीप द्वारा स्किल डेवलेपमेंट की व्यवस्था की गयी है। बीसी-सीआइ के शिक्षा समिति के चेयरमेन डॉ. सुबर्नो बोस ने कहा कि सर्वोच्च शिक्षा ही एक व्यक्ति को अच्छा रोजगार और बेहतर भविष्य दे सकता है। हमारा समाज तेजी से बदल रहा है इसलिए शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान भी जरूरी है। वहीं बीसीसीआइ शिक्षा समिति के वाइस चेयरमेन सत्यम राय चौधरी ने बताया कि मिलेनियल लर्निंग एक मंच है जहां सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र के विशेषज्ञ मिलकर छात्रों के लिए नए अवसर प्रदान करने के लिए चर्चा करते हैं। इस कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पूर्व चेयरमैन अरुणधति भट्टाचार्य को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीसीसीआइ के अध्यक्ष इंद्रजीत सेन, ब्रिटीश डेपुटी हाई कमिश्नर कोलकाता के ब्रूस बकनेल, सिस्टर निवेदिता युनिवर्सिटी के चीफ मेंटर डॉ अशोक ठाकुर, एनएमआइएमएस के वाइस चांसलर डॉ प्रो. राजन सक्सेना, देवा मुखर्जी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

grey matter pr

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
i n d i a

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com